राज्यपाल सचिवालय
राजभवन,जयपुर

राज्यपाल ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाई

जयपुर, 11 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजभवन में श्री डी.बी. गुप्ता को मुख्य सूचना आयुक्त तथा श्री नारायण बारेठ और सुश्री शीतल धनकड़ को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। इन सभी ने ईश्वर के नाम पर हिन्दी भाषा में शपथ ली।

कोरोना सुरक्षा नियमों एवं सावधानियों को दृष्टिगत रखते हुए राजभवन में आयोजित संक्षिप्त, सादगीपूर्ण समारोह में राज्यपाल श्री मिश्र से आरम्भ में मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तो को शपथ दिलाने के लिए आग्रह किया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने श्री गुप्ता को मुख्य सूचना आयुक्त तथा श्री बारेठ व सुश्री धनकड़ को राज्य सूचना आयुक्त बनने पर सर्वप्रथम बधाई दी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्यगण, भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारीगण, राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे।

———